मौसम | कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार उमेश तिवारी ने पुल का आकस्मिक निरीक्षण किया

# बाढ़ प्रभावित कोटा पुल का किया निरीक्षण, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम





**नवभारत,पटेरा/दमोह**.जिले में लगातार हो रही वर्षा एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर तहसीलदार उमेश तिवारी ने संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र स्थित कोटा पुल का आकस्मिक निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान पुल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.तहसीलदार उमेश तिवारी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को पुल पर आवश्यक बैरिकेडिंग व चेतावनी संबंधी व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए,ताकि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में किसी प्रकार की जनहानि न हो.साथ ही राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं.तहसीलदार ने आमजन से अपील की है कि पुल पर पानी आने की स्थिति में किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं तथा पुल पार करने का प्रयास बिल्कुल न करें। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना दें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-

निर्देशों का पालन करें। तहसीलदार उमेश तिवारी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं तथा प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है।



## पंचमनगर बैराज जलस्तर बढ़ने से 3-3 गेट खोले जाएंगे, आमजन नदी से दूर रहें

**नवभारत,दमोह।** बांध के कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश के कारण पंचमनगर बैराज का जलस्तर बढ़ने लगा है. वर्तमान में बांध का जलस्तर 373.00 मीटर तक पहुंच गया है। जल संसाधन संभाग सागर के कार्यपालन यंत्री राजेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि जुलाई माह में बांध का जलस्तर 369.500 मीटर नियत रखना सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए बांध के 3-3 गेटों को 15-15 से.मी. तक खोला जाएगा।गेट सुबह 10 बजे और शाम 6:00 बजे क्रमशः खोले जाएंगे। इससे बांध से कुल 56.74 क्यूमेक्स पानी डिस्चार्ज किया जाएगा। पानी छोड़े जाने के कारण डाउन स्ट्रीम में नदी का जलस्तर बढ़ेगा। इससे पथरिया तहसील के ग्राम निवारी, केरबना,सिंगोन, मेलवाड़ा, पिपरखिरिया, जैरथ, बूढ़ा बरखेड़ा, चकेरी, हिंगवानी,धोराज,महूना,बडौदा माडिया,सिरसिया, चौनपुरा, बिजौरी सिरसिया, सीतानगर प्रभावित होंगे।प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नदी किनारे न जाएं और नदी से दूर रहें.बच्चों और मवेशियों को भी नदी के पास न ले जाएं.



## कर्मचारियों के परिवारों को एक-एक करोड़ के एसपी ने दिए चेक

पुलिस सैलरी पैकेज

**नवभारत,दमोह।** पुलिस सैलरी पैकेज केवल अंतर्गत पुलिस कर्मियों के परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने हेतु बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला दमोह में पदस्थ कर्मचारी स्वर्गीय प्रधान आरक्षक श्रीमति शमीम खान व आरक्षक भूपेन्द्र ठाकुर के निधन उपरांत उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 1-1 करोड़ की राहत राशि का किया गया.भुगतान,पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) द्वारा परिवारजन को चौक प्रदाय किया गया.दमोह पुलिस में पदस्थ प्रधान.आर. शमीम खान व आरक्षक भूपेन्द्र ठाकुर जिनका माह जून वर्ष 2025 में दुर्घटना के पश्चात अस्पताल में उपचाररत रहते दुखद निधन हो गया था. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों व उनके परिवारजन को आर्थिक संबंल प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) योजना के अंतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से अनुबंध किया गया है। जिसके अंतर्गत दुर्घटना में पुलिस विभाग के किसी भी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उस कर्मचारी के आश्रित परिवारजन को योजना के 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि का भुगतान किया जाता है.पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत जिला दमोह में पदस्थ प्रधान आरक्षक श्रीमति शमीम खान व आरक्षक भूपेन्द्र ठाकुर के परिजनों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) तथा स्टेट बैंक कटनी के मुख्य प्रबंधक पुष्?पराज पटेल, स्टेट बैंक दमोह के मुख्?य प्रबंधक संतोष वर्मा आर एस साहू व बीडीएम प्रकाश रैकवार की उपस्थिति में चेक प्रदान किया गया.

### एक नजर में

## जिले में 246 .9 मि .मी . वर्षा दर्ज

नवभारत,दमोह . जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 246 .9 मि .मी . अर्थात 9 .7 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 175 मि .मी . अर्थात 6 .9 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 421.9 मि .मी . अर्थात 16 .6 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 385 .4 मि .मी . दर्ज की गई है।भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 207 मि .मी ., हटा 269 .4 मि .मी ., जबेरा में 215 मि .मी . पथरिया 343 मि .मी ., तेन्दूखेड़ा 192 .6 मि .मी, बटियागढ़ 116 मि .मी . तथा पटेरा में 385 .4 मि .मी . वर्षा दर्ज की गई है।दैनिक वर्षा के तहत जिले में 21 .4 मि .मी . अर्थात 0 .8 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 12 मि .मी ., हटा में 19 .4 मि .मी ., जबेरा में 26 मि .मी . पथरिया 18 मि .मी ., तेंदूखेड़ा में 42 .4 मि .मी ., बटियागढ़ 13 मि .मी . तथा पटेरा में 19 मि .मी . वर्षा दर्ज की गई है।



## गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर बैठक

**नवभारत, दमोह ।** 27 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय श्गौ सम्मान आह्वान अभियानश् के अंतर्गत गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग को लेकर अभियान की तैयारियों हेतु बैठक एवं कार्ययोजना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभियान के लिए पधारे नंद बाबा प्रकाश नारायण गिरी जी महाराज व प्रदेश प्रमुख श्री राम शर्मा जी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 जुलाई को पुराना थाना परिसर से सभी गौसेवक व सनातनी एकत्रित होकर रैली में महामंत्र करते हुए. कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे.

## 17 शैक्षणिक संस्थानों के बीच नहीं थम रही शराबखोरी

**नवभारत,हटा/दमोह.** नगर के अंधियारा बगीचा क्षेत्र स्थित शराब दुकान के आसपास मौजूद 17 शैक्षणिक संस्थानों में शराबखोरी की शिकायतों पर पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के बावजूद 40 दिन बाद भी स्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है। स्कूल परिसरों और उनके आसपास आज भी शराब की खाली बोतलें, पानी के पाउच और टूटा हुआ कांच पड़े मिलने से शिक्षक,विद्यार्थी और स्थानीय लोग परेशान हैं।जानकारी के अनुसार 26 मई को नवागत पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने हटा थाना में जनसुनवाई के दौरान शिक्षक कॉलोनी और डाइट कॉलोनी के शिक्षकों एवं रहवासियों की शिकायत सुनी थी।

### स्कूलों के मुख्य द्वार पर मिली शराब की खाली बोतलें और टूटे कांच



शिकायत में बताया गया था कि अंधियारा बगीचा स्थित शराब दुकान के कारण शराबी स्कूलों और खेल मैदानों में बैठकर शराब पीते हैं, गाली-गलौज करते हैं और कांच की बोतलें फोड़कर चले जाते हैं। इससे सुबह टहलने वाले लोगों, खिलाड़ियों और विद्यार्थियों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी सुधीर बैगी को क्षेत्र को संवेदनशील (ड्राई/शैक्षणिक) क्षेत्र मानते हुए नियमित गश्त कराने और शराबखोरी पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए थे।लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्देशों के 40 दिन बाद भी हालात में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

**स्कूल खुलने से पहले हटवाना पड़ा कचरा**

मंगलवार सुबह नवीन हाई स्कूल के मुख्य द्वार के सामने शराब की खाली बोतलें, पानी के पाउच और अन्य कचरा बिखरा मिला। स्कूल पहुंचे शिक्षकों ने पहले परिसर के बाहर सफाई करवाई, उसके बाद विद्यालय का संचालन शुरू कराया।इसी प्रकार मॉडल स्कूल के सामने बने नवनिर्मित हेलीपैड परिसर में भी जगह-जगह शराब की बोतलों का टूटा कांच फैला मिला। इसी परिसर में 100 सीटर बालिका छात्रावास और आवासीय बालक छात्रावास भी संचालित हैं.



## मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाया

**नवभारत, दमोह ।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज व विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर महाराज के आशीर्वाद से आर्यिका रत्न चिंतनमति माताजी ससंघ के सानिध्य में जैनधर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ का मोक्षकल्याणक महोत्सव 8 जुलाई 2026 को धूमधाम से मनाया गया.इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश,पूजन, विधान हुआ.अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया.प्रचार मंत्री जयकुमार जलज ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, ऋद्धि कलश, शांतिधारा आदि.

## लोगों के जान-माल को नुकसान पहुंचा रहे मुख्य सडकों के गड्ढे

**नवभारत,पथरिया/दमोह.**पथरिया नगर की मुख्य सड़कों पर जगह-जगह लम्बे-चौड़े गड्ढे होने से वैसे भी आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी लेकिन इन दिनों उक्त गड्ढों में जल-भराव होने के कारण वाहनों चालाकों को उक्त गड्ढे मुसीबत बने हुए है और राह चलते व अन्य वाहन चालकों के लिए मुख्य सड़क के गड्ढे इन दिनों जान व माल के लिए खतरा साबित हो रहे है।मुख्य रूप से गड्ढे रेल्वे पुलिया के सामने यादव मार्केट के समीप,वंही रामपुर वाले पटेल के सामने,रेल्वे स्टेशन से तहसील की



ओर,केवलारी रोड,कृषि उपज मंडी की ओर,महाकाल गैस एजेंसी के सामने,शिवनारायण नेमा के सामने,दमोह रोड गोविन्द पटेल मोहनपुर के सामने, निर्मल फैन्सी स्टोर के सामने,विश्वनाथ मडिया के समीप,शनिदेव मंदिर के सामने लंबे चौड़े गड्ढे लोगों के लिए उक्त दिनों मुसीबत बने हुए हैं। स्थानीय निवासियों, दुकानदारों बन्टू जैन,गोपी टेंट हाउस के संचालक, ओम नेमा, नरेश जैन, जगदीश पटेल, गोविन्द पटेल दुकानदारों ने बताया कि आए दिन बड़ी-बड़ी दुर्घटना हमारी आंखों के सामने होती हैं उन्होंने कहा कि मुख्य सडकों से जिम्मेदार सत्तापक्ष व अन्य पार्टियों के जिम्मेदार नेता,अधिकारी कर्मचारी गुजरते है लेकिन उनके द्वारा इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है,जिम्मेदार नगरवासियों द्वारा शासन प्रशासन से अति शीघ्र गड्ढों की मरम्मतीकरण करने की माँग की जा रही है।

## बरसात में बढ़ी करंट और सर्पदंश की घटनाएं, 3 की मौत



### एक का इलाज जारी

**नवभारत,दमोह।** बरसात का मौसम आते ही जिले में करंट लगने और सर्पदंश जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है।बुधवार को हुई अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल का इलाज जारी है. जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक शुभ नारायण यादव सहित पुलिस टीम ने करंट की घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुंचाया.पहली घटना पथरिया थाना क्षेत्र के मोहनपुर की है। यहां करंट लगने से 55 वर्षीय भागबाई पति प्रेम बंसल और उनके पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने भागबाई को मृत घोषित कर दिया। उनके पुत्र का उपचार अभी जारी है।दूसरी घटना नोहटा की है। यहां 35 वर्षीय नरेंद्र पिता हरि सिंह को करंट लगा। परिजन उन्हें दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई।



## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

**नवभारत,दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर 1संस्कार भवन में असाटी महिला समिति द्वारा मासिक सुंदरकांड पाठ में श्रीमती राधा रानी डालचंद असाटी ने भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।जिसमें राम दरबार की पूजा करके सुंदरकांड पाठ का गान किया गया,इस दौरान समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में उपस्थिति रही। साथ ही सभी ने सुंदर-सुंदर भजनों का गायन किया, वही आयोजक द्वारा समाज की सभी बहनों को सिंगार का सामान एवं प्रसाद वितरित कर समापन किया गया।

## अग्रवाल समाज द्वारा की गई महाआरती

**नवभारत,दमोह।** अग्रवाल समाज दमोह द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाली महाराजा अग्रसेन जी की महाआरती अब एक भव्य अभियान का रूप ले चुकी है.दमोह की धरा से शुरू हुआ यह भक्तिमय प्रयास सफलता के नए आयाम छू रहा है,जिसके फलस्वरूप देश के विभिन्न जिलों में भी अब इसी तर्ज पर महाआरती का आयोजन होने लगा है.हर माह की तरह इस बार भी महाआरती का गरिमामयी आयोजन पंडित बृजेश पाठक के



सानिध्य में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश,धन की देवी माता लक्ष्मी व समाज के कुलप्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ. इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने पूरी आस्था के साथ महाआरती की और अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

वैवाहिक वर्षगांठ पर ली यजमानी इस माह आयोजित हुई महाआरती की मुख्य यजमानी समाज के वरिष्ठ सदस्य अनिल-सुनीता अग्रवाल द्वारा की गई.उन्होंने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस पावन आयोजन की यजमानी का सौभाग्य प्राप्त किया.

## हटा पुलिस ने अवैध शराब परिवहन पर की बड़ी कार्रवाई

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,हटा/ दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया व एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत हटा पुलिस को अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है. दिनांक 07/08 जुलाई 2026 की दरम्यानी रात्रि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दमोह से हटा की ओर आ रही एक वेगनआर कार में अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी




हटा निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दमोह नाका हटा पर वाहन चेकिंग की गई.चेकिंग के दौरान वेगनआर कार क्रमांक एमपी 20 सीडी7357 को रोककर पूछताछ की गई। वाहन चालक ने अपना नाम राजा उर्फ इंद्रकुमार नामदेव (26वर्ष) तथा साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अभिषेक रैकवार (26 वर्ष) निवासी ग्राम कांटी बताया। वाहन की तलाशी लेने पर बीच की सीट व डिक्की से कुल 10 कार्टून देशी शराब बरामद हुए।बरामद शराब में 150 पाव देशी लाल प्रिंस व 328 पाव देशी प्लेन प्रिंस लेमन शराब शामिल थी। आरोपियों से शराब परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज एवं लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, शपथकर्ता परमलाल विश्वकर्मा आयु 44 वर्ष पिता श्री तुलसीराम विश्वकर्मा, निवासी- भाट खमरिया, तहसील जबेरा, जिला दमोह मध्य प्रदेश, शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ तथा मेरी पुत्री अंशिका विश्वकर्मा का वैधानिक पिता हूँ। 2. यह कि मेरी पुत्री का नाम उसके जन्म प्रमाण-पत्र में "अंशिका विश्वकर्मा" अंकित है। साथ स्कूली दस्तावेजों में भी मेरी पुत्री का नाम अंशिका विश्वकर्मा दर्ज है। 3. यह कि भूल वश मेरी पुत्री का नाम उसके आधार कार्ड में "नंदनी विश्वकर्मा" दर्ज हो गया है। 4. यह कि मेरी पुत्री का सही, वास्तविक एवं स्थायी नाम "अंशिका विश्वकर्मा" है, जो जन्म प्रमाण-पत्र के अनुसार है। 5. यह कि मैं अपनी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण-पत्र के अनुसार उसके आधार कार्ड में नंदनी विश्वकर्मा के स्थान पर "अंशिका विश्वकर्मा" दर्ज / संशोधित कराना चाहता हूँ। 6. यह कि "नंदनी विश्वकर्मा" एवं "अंशिका विश्वकर्मा" दोनों नाम मेरी पुत्री के ही हैं तथा भविष्य में मेरी पुत्री की पहचान "अंशिका विश्वकर्मा" नाम से ही की जाएगी। 7. यह कि उक्त शपथ-पत्र सूचना पत्र के माध्यम से आम जन को सूचित किया जाता है। मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में नंदनी विश्वकर्मा के स्थान पर वास्तविक नाम "अंशिका विश्वकर्मा" दर्ज करवा रहा हूँ जिसकी सूचना आम जन के समक्ष प्रस्तुत है।


शपथकर्ता
परमलाल

## नाबालिग लड़की को दस्तयाब कर परिवार को सौंपा

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे के मार्गदर्शन में दमोह पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा.थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र उपाध्याय के निर्देशन में चौकी प्रभारी जबलपुर नाका, थाना दमोह देहात उप निरीक्षक प्रियंका पटेल व हमराह पुलिस स्टाफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 419/2026 धारा 137(2) बीएनएस के मामले में गुमशुदा नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया.पुलिस टीम ने लड़की को सुरक्षित बरामद कर नियमानुसार कार्रवाई की.

हमला | दोनों घटनाओं के बाघ अलग-अलग, कैमरा ट्रैप और गश्ती दल की जांच में हुआ खुलासा

# टाइगर रिजर्व में वनकर्मी पर हमले के मामले में बाघ शावक की पहचान



### अफवाहों पर वन विभाग ने दी स्पष्ट जानकारी

**नवभारत,दमोह.**वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मोहली परिक्षेत्र में 5 जुलाई को गश्त के दौरान वनकर्मी पर हुए बाघ के हमले की जांच में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। वन विभाग ने घटनास्थल पर सघन गश्त एवं कैमरा ट्रैप रिकॉर्ड के आधार पर एक बाघ शावक की पहचान की है।वनमण्डलाधिकारी ने बताया 5 जुलाई को गश्त के दौरान दो वनकर्मी एक बाघ के अत्यंत निकट पहुंच गए थे।इस दौरान हुए हमले में श्रमिक बाबूलाल रैकवार के पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद हाथियों की सहायता से घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार गश्त कराई गई।उन्होने बताया 7 जुलाई की सुबह गश्ती दल को घटनास्थल के समीप एक बाघ शावक दिखाई दिया।नवंबर माह में कैमरा ट्रैपिंग के दौरान भी इसी शावक की तस्वीर दर्ज हुई थी।उस समय उसकी आयु 9 से 12 माह आंकी गई थी, जबकि वर्तमान में उसकी आयु लगभग 15 से 18 माह होने का अनुमान है।वनकर्मियों ने भी बताया घटना के दिन जिस बाघ के पदचिह्नों का वे पीछा कर रहे थे, वे आकार में अपेक्षाकृत छोटे थे। इस आधार पर संभावना व्यक्त की जा रही है कि वनकर्मी पर हमला इसी बाघ शावक ने किया था।

**इनका कहना है**

वनमण्डलाधिकारी ने बताया कुछ दिन पूर्व पटना मोहली ग्राम में एक ग्रामीण पर हुए बाघ के हमले और वनकर्मी पर हुए हमले को लेकर सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से एक ही बाघ के शामिल होने की भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही थी। उन्होने बताया नवंबर 2025 की अखिल भारतीय बाघ गणना के दौरान प्राप्त कैमरा ट्रैप चित्रों का मिलान करने के बाद स्पष्ट किया है कि दोनों घटनाओं में शामिल बाघ अलग-अलग हैं।

**कार्यालय जनपद पंचायत जबेरा जिला दमोह म.प्र.**

क्रं ./क/जप/तालाब/जलाशय पट्टा/2026-27/794 | जबेरा दिनाक :- 08/07/2026

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.शासन मछली पालन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक / ज्ञापन कमांक 1548/2008/36/गोल दिनांक 08 अंक्टूबर 2008 के अनुसार एवं म.प्र. शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों को मत्स्योद्योग के अधिकार कार्यक्रम अंतर्गत हेतु 10 वर्ष के लिए मछली पालन के लिए पट्टे पर दिये जाने हेतु आवेदन दिनांक 08/07/2026 से 31/07/2026 तक इच्छुक व्यक्ति जनपद पंचायत कार्यालय जबेरा में कार्यालयीन समय में आवेदन जमा किये जा सकेंगें।

**पट्टे पर दिये जाने वाले तालाबों / जलाशयों का विवरण**

| क्रं. | तालाब / जलाशय का नाम | औसत जल क्षेत्र हेक्टेयर | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | सूरजपुरा बडेरा | 99.94 हे. | सलैयाबडी |

शेष जानकारी जनपद कार्यालय जबेरा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत जबेरा